## खबर संक्षेप

### 75,000 रूपए कीमती 5 किलो गांजा किया जब्त

**कटनी**। कोतवाली पुलिस ने एक तस्कर के पास से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया है। तस्कर रेलवे क्षेत्र के पास माल खपाने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर बैलट घाट स्थित आरपीएफ बैरक के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में उनि किशोर द्विवेदी और उनकी टीम ने तत्काल दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने उसे चारों ओर से घेरकर धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान संजीव उर्फ संजय 45 वर्ष पिता रघुवीर अहिरवार, निवासी लिधौरा, जिला टीकमगढ़ के रूप में हुई है। जब पुलिस ने आरोपी के पास मौजूद बैग की तलाशी ली, तो उसमें से खाकी रंग के पैकेटों में लिपटा हुआ 5 किलो 406 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 75,000 बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी संजीव के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 8 और 20 (NDPS Act) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह खेप कहाँ से लाया था और कटनी में इसे किसे सप्लाई करने वाला था। पुलिस को संदेह है कि इस नेटवर्क के तार अन्य जिलों से भी जुड़े हो सकते हैं।

### चोरो ने नकदी व जेवरात सहित बाइक किया पार

**कटनी**। अलग अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजमा दिया। बदमाशों ने कहीं सूने घर को निशाना बनाया तो कहीं वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया। इन वारदातों ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम मुहास में चोरो ने नकदी एवं जेवरात पार कर दिय। ग्राम मुहास निवासी संध्या दुबे के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य घर में नहीं थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेत नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गये जेवरातों की कीमत करीब 85,000 रूपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरो की पतासाजी का प्रयास कर रही है। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत शासकीय अस्पताल परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। लक्ष्मीकान्त द्विवेदी निवासी रचनानगर ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसकी मोटर साइकिल क्रमांक CG 16 CK 3041 को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### हत्या कर नदी में फेकी गई थी युवक की लाश

**कटनी**। बरही थाना क्षेत्र में नदी में मिले शव की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दुर्गेश प्रजापति 28 वर्ष पिता कैलाश प्रजापति के रूप में हुई है। दुर्गेश मूल रूप से मैहर जिले के पुरानी बस्ती का निवासी था। बताया जा रहा है कि दुर्गेश पिछले कुछ दिनों से लापता था। घटना का खुलासा तब हुआ जब नदी में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची बरही पुलिस ने शव को बाहर निकाला, जिसकी शिनाख्त दुर्गेश के रूप में की गई। शुरुआती जांच और घटनास्थल के हालातों को देखते हुए पुलिस का मानना है कि यह मामला सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या का है। अज्ञात हत्यारों ने युवक को मौत के घाट उतारने के बाद कानूनी कार्रवाई से बचने और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को नदी के गहरे पानी में फेंक दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार चौबे ने स्वयं मामले की जांच कर रहे है। पुलिस मृतक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और अंतिम बार देखे गए स्थानों के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है।

### बुकिंग कराने के बाद लगाने पड़ रहे कई चक्कर, केवायसी तो कभी सर्वर का रोड़ा

# गैस सिलेण्डर के लिए उपभोक्ताओं की फजीहत, लाइन में घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आज के दौर में भोजन पकाने के लिए अधिकांश आबादी गैस सिलेण्डर पर ही निर्भर है। दूरस्थ गांव में भी गैस सिलेण्डर पर निर्भरता काफी बढ़ गई है लेकिन बीते एक दो महीने में गैस सिलेण्डर प्राप्त करने लिए उपभोक्ताओं की खासी परेड हो रही है। पहले बुकिंग कराने के बाद 24 घंटे इंतजार करने कहा जाता है। इसके बाद जब सिलेण्डर लेने जाओ तो घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है। सीमित सिलेण्डर की उपलब्धता के चलते कई उपभोक्ताओं को बैरंग ही लौटना पड़ रहा है। त्योहारों के कारण ईंधन की खपत बढ़ जाती है। गैस वितरण की व्यवस्था भी चरमरा गई है। अवकाश के बाद गैस एजेंसियां खुलने पर लोगों की भीड़ अधिक लगती है। शहरी व उपनगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गैस एजेंसियों में उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले में तीन प्रमुख तेल कंपनियों की लगभग 25 एजेंसियां 3.61 लाख उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति करती हैं। सामान्य दिनों में प्रतिदिन करीब 5 हजार सिलेंडरों की खपत होती है लेकिन वर्तमान में यह मांग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। आपूर्ति और मांग के बीच इस असंतुलन के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग के बाद भी कई दिनों तक सिलेंडरों की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। होम डिलीवरी की व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हॉकर उनके क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे हैं, जिसके कारण उन्हें स्वयं वाहन से या पैदल ही सिलेंडर लेने एजेंसियों तक जाना पड़ रहा है। एजेंसियों पर भी 'सीमित स्टॉक' का बोर्ड लगाकर कुछ ही उपभोक्ताओं को गैस दी जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी है। गैस की किल्लत के साथ-साथ ई-केवाईसी (KYC) प्रक्रिया ने भी उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तकनीकी खामियों और धीमी सर्वर गति के कारण नई बस्ती और कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एजेंसियों पर दिनभर भीड़भाड़ रही। बुजुर्ग और महिलाएं घंटों कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, कई स्थानों पर विवाद की स्थिति बन रही है।

प्रशासनिक नियमों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन का रीफिल अंतराल निर्धारित है। उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहार के समय यह समय सीमा उनके लिए परेशानी का सबब बन रही है। गैस खत्म होने की स्थिति में लोग वैकल्पिक चूल्हों या महंगे साधनों पर निर्भर होने को मजबूर हैं। सिलेण्डर लेने के लिए भीड़ के अनियंत्रित होने और कर्मचारियों के साथ बढ़ते विवाद को देखते हुए उपभोक्ताओं ने ही अब सुरक्षा की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रत्येक बड़ी एजेंसी पर कम से कम एक पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य होनी चाहिए ताकि कानून-व्यवस्था न बिगड़े।

जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार का कहना है कि जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त है। वर्तमान में सर्वर की तकनीकी खराबी के कारण ई-केवाईसी प्रक्रिया में समस्या आ रही है, जिसकी वजह से गैस एजेंसियों पर भीड़ जमा हो रही है। हमारी टीम समस्या के समाधान के लिए प्रयास कर रही है। गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिये भी लगातार जांच व कार्यवाही की जा रही है।



## जिले की 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारम्भ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को ज़िलें भर की 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्नो को प्रदान किये गये प्रमाण पत्रपरियोजना ढीमरखेड़ा अंतर्गत मंगल भवन में परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 साल की आयु के बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने पर ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पारस पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति निधि गोहल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति प्रतिभा पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित विद्यारम्भ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों एवं पालकों द्वारा उत्साह से साथ सहभागिता की गई। बच्चों की बाल्यावस्था शिक्षा से विद्यालयीन शिक्षा की ओर बढ़ने के इस उत्सव को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सेल्फी और रंग बिरंगी ग्रेजुएशन कैप्स के द्वारा यादगार बनाने विशेष पहल की गई। बच्चों को प्रदाय किये गये विद्यारम्भ प्रमाण पत्र ज़िलें भर में आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत पांच से छह वर्ष के 19 हजार 866 बच्चों को विद्यारम्भ अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। यह प्रमाण पत्र बच्चों द्वारा बाल्यवस्था शिक्षा को पूर्ण कर विद्यालयीन शिक्षा की ओर अग्रसर होने के महत्व को रेखांकित किया।

### खनिज अमले ने लाइम स्टोन खदानों का किया निरीक्षण

## 3 दिन में रॉयल्टी जमा नहीं करने पर संचालकों पर होगी रिकवरी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग ने सक्रियता बढ़ा दी है। मंगलवार को तहसील विजयराघवगढ़ क्षेत्र में संचालित चूना पत्थर (लाइम स्टोन) खदानों का व्यापक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान खनिज अमले द्वारा खदानों में उत्पादित खनिज की मात्रा और उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा पोर्टल में दर्ज आंकड़ों से उसका मिलान किया गया। इस प्रक्रिया में उत्पादन और स्टॉक के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

खनिज अधिकारियों ने खदान संचालकों को निर्देशित किया कि वे शीघ्रता से अपने स्टॉक मैटेरियल का प्रेषण कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर रायल्टी राशि जमा करें। प्राथमिक निरीक्षण के तहत ग्राम नन्हवारा, सुनहरी, सलेया, आमहेटा, विस्तरा एवं बड़ारी क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया गया, जहां सीमको, कर्मचंद्र, दुबास, आर.बी. गौर और रवि ग्रोवर की खदानें शामिल रहीं। सभी पट्टाधारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे 28 मार्च तक खनिज मात्रा के अनुरूप रायल्टी जमा कराना सुनिश्चित करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में कम रायल्टी पाए जाने की स्थिति में संबंधित खदान संचालकों के विरुद्ध रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप संचालक खनिज आर.के. दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं कमल कांत परस्ते सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खनिज विभाग द्वारा शेष खदानों में भी सत्यापन की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

### विद्यार्थियों को मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का कराया भ्रमण




वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार एवं एसडीओ सुरेश बरोले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के तत्वधान में ' मेरा बाघ मेरा विद्यालय ' थीम पर स्कूली बच्चों के संवेदीकरण हेतु मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू का भ्रमण कराया गया। वन परिक्षेत्र रीठी के सांदीपनी विद्यालय के 25 छात्र छात्राओं तथा कटनी वन परिक्षेत्र केसीडब्ल्यू एस एन छात्रावास के 25 दिव्यांग छात्रों को भ्रमण कराया गया। कटनी वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्तिकेय भट्ट एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी रीठी महेश पटेल ने बताया कि स्कूली बच्चों को जंगली जीवो के प्रत्यक्ष दर्शन कराकर वन्य प्राणियों एवं वन के प्रति जागरूक किया गया । सांदीपनी विद्यायल के प्राचार्य हेमराज कारपेंटर, संजय कुशवाहा, प्रतिभा जैन, निधि पटेल एवं सहायक वार्डन अविनाश कुमार तिवारी की सहभागिता रही! वन विभाग से वन रक्षक सनोद कोल, हरेंद्र काछी, कमलेश लारिया, भीम कोल उपस्थित रहे।

## शिविरों में अब तक 7224 आवेदन स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



संकल्प से सामाधान अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत बडवारा की ग्राम पंचायत भजिया में खण्डस्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम, तहसीलदार ऋषी गौतम, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास इन्द्रकुमार साहू, वरिष्ठ कृषि अधिकारी आरके रावत, सहायक यंत्री श्रीमती प्रियंका लेखरा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा डा. अजीत सिंह, उपयंत्री डीएस बघेल, श्रीमती पूजा नागर, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन शिविर में उपस्थित रहे।

### 22 विभागों की 106 योजनाएं

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत कुल 22 विभाग की 106 योजनायें सम्मिलित थी। जनपद पंचायत बडवारा में कुल 6 कलस्टर शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 7456 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें से 7224 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है शिविर में प्राप्त आवेदनों में से लंबित आवेदनों का निराकरण प्रक्रिया में है।

शिविर के दौरान बड़वारा विधायक ने उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याण से संबंधित अनेक योजनायें संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को दिलाने हेतु संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया है उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक को सहभागी बनना अनिवार्य है।

### विश्व कल्याण की कामना को लेकर सलैया प्यासी में हो रहा आयोजन

## सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



ग्राम सलैया प्यासी में विश्व कल्याण की कामना को लेकर चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव मनाया गया। कथा व्यास पंडित आकाश महाराज की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई।

श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।

सप्ताह ज्ञान के चौथे दिवस में हनुमत कुटी के संत सुरेंद्र दास महाराज का आगमन हुआ उनकी अगवानी भव्य रूप से की गई।कथा वाचक ने कहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में संतो का आगमन हुआ है यह हरि कृपा ही है। वही हनुमत कुटी आश्रम पूज्य गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए, जनमानस से लोक कल्याण हितार्थ कार्य करने का आव्हान किया। सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

### कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में सुनीं 147 आवेदकों की समस्याएं

## स्कूल के पास चल रही शराब दुकान को हटाने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने 147 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम हीरापुर कौड़िया निवासी शकुंतला चौधरी पति राजू चौधरी ने जिला पंचायत सीईओ को बताया कि मैंने बकरी पालन हेतु पशुपालन विभाग में ऋण हेतु आवेदन किया था। परंतु, बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत होने के बावजूद मुझे अभी तक ऋण की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने पशु विभाग को पात्रतानुसार ऋण दिलाने के निर्देश दिए।

### माहौल हो रहा खराब

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत पिपरियाकला के ग्रामवासियों ने गांव में स्थित शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग करते हुये बताया कि हमारे ग्राम में यथार्थ ज्योति इंगलिश मीडियम स्कूल से कुछ ही दूरी पर एक शराब दुकान है। जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। इस पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने जिला आबकारी अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

रीठी निवासी ओमप्रकाश यादव ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन देते हुये बताया कि मैं अपनी पत्नी अंजूलता यादव का नाम समग्र आईडी में जुड़वाने के लिए कई बार आवेदन दे चुका हूँ। परंतु, अभी तक मेरी पत्नी का नाम समग्र आईडी में नहीं जुड़ पाया है। जिस काराण मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने जनपद पंचायत रीठी के सीईओ को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम कटंगीकला निवासी मुन्नी बाई कोरी ने आवेदन देते हुए बताया कि पात्र होने के बावजूद पिछले 2 महीने से मुझे लाड़ली बहना योजना कि राशि नहीं मिल रही है। इस पर सीईओ श्रीमती कौर ने महिला एवं बाल विकास को पात्रतानुसार आवेदिका को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## शिकायतों के निराकरण में न हो कोताहीः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




नगर निगम में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी मंच साबित हुई। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी दैनिक समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखा, जिस पर तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई जनसुनवाई में पेयजल व्यवस्था, जलभराव, स्वच्छता, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कई प्रकरणों में मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को त्वरित राहत दी गई।

जनसुनवाई के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ का तत्काल निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समय सीमा के अंदर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन रही है।

## खबर संक्षेप

### जिपं सदस्य अजय गौटिया बने प्रदेश अध्यक्ष



कटनी। मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद, संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली द्वारा कटनी जिले के जिला पंचायत सदस्य अजय गौटिया को जिला पंचायत सदस्य संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भी शामिल किया है। अजय गौटिया के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला पंचायत सदस्यों में खुशी का माहौल है। सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय गौटिया ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसमें सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 11500 रुपये का जुर्माना

कटनी। नगर निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि इसी क्रम में निगम के अतिक्रमण दल द्वारा सोमवार को शहर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों माधव नगर, विश्राम बाबा रोड एवं बरही रोड, खिरहनी फाटक में वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किए गए। अभियान के दौरान जहां मुख्य मार्गों के किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले आदतन व्यवसायियों पर 8 हजार 300 रूपये का जुर्माना किया जाकर स्थल को खाली कराकर आवागम सुगम बनाकर, संबंधितों को सार्वजनिक मार्गों में दोबारा अतिक्रमण कर व्यवसाय नहीं करने की सख्त हिदायत भी दी गई।वहीं कार्यवाही के दौरान ऐसे वाहन जो सार्वजनिक मार्गों में अव्यस्थित रूप से खड़े होकर आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, उनके मालिकों के विरुद्ध भी 3 हजार 200 रूपये के जुर्माने की कार्रवाई की जाकर मार्ग के आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किये गए। नगर निगम द्वारा नागरिकों से सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें और अपने वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करने की अपील करते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र में विद्यारंभ प्रमाण पत्र किया वितरित



विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ के समस्त आंगनबाड़ी केदो में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर स्कूल में प्रवेश की पात्र रखने वाले बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन कर विद्या आरंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केदो में मंगलवार को बाल चौपाल के अवसर पर किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों शासकीय स्कूल के शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित कर उनसे बाल अवस्थ शिक्षा प्राप्त कर विद्या आरंभ वितरण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विद्या आरंभ कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 05 से 06 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इससे आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा प्रतीत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की महत्वता स्पष्ट रूप से रेखांकित होगी और समुदाय इन्हें शिक्षा के प्रामाणिक केंद्र के रूप में स्वीकार करते हुए बच्चों को निर्मित रूप से केंद्र पर भेजने हेतु प्रेरित होगा।

### बहोरीबंद विकासखंड में आयोजित विद्यारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलाया गया प्रवेश

# शिक्षा ही जीवन का आधार, 2475 बच्चों के शैक्षणिक सफर की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज >> स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखंड में मंगलवार को शिक्षा का एक विशेष और उत्साहपूर्ण अध्याय शुरू हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को बहोरीबंद की सभी आँगनबाड़ी केंद्रों में 'विद्यारम्भ' कार्यक्रम का आयोजन किया जा गया जिसके तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 2475 बच्चों का औपचारिक रूप से शैक्षणिक जीवन प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालयों में सहज रूप से प्रवेश दिलाया जाएगा।

कार्यक्रम को खास बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों और उनके अभिभावकों को पारंपरिक तरीके से पीले चावल और आकर्षक आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है। इस पहल ने न केवल कार्यक्रम के प्रति उत्साह बढ़ाया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत किया। बहोरीबंद विकासखंड के सभी 235 आंगनवाड़ी केंद्रों में एक साथ 'विद्यारम्भ' कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरण के दौरान आने वाली कठिनाइयों को कम करना है।

आँगनबाडी केंद्र तिहारी में पर्यवेक्षक पुष्पा आरख की मौजूदगी मै कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में शिक्षा की मजबूत नींव रखने का प्रयास है। इस दौरान बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण करने के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे उनके विद्यालयीन जीवन की शुरुआत को औपचारिक पहचान मिलेगी।

इस दौरान शिक्षक उमेश कुमार, सोनम हल्दकार, सपना दीवान, रामकिशोर रजक, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बबिता दुबे सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही।

परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में दी गई शिक्षा बच्चे के संपूर्ण विकास की आधारशिला होती है। 'विद्यारम्भ' जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक और उत्सवपूर्ण अनुभव भी प्रदान करते हैं। आज का यह आयोजन बहोरीबंद के हजारों नन्हे-मुन्नों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक बना जहां परंपरा, उत्साह और शिक्षा का सुंदर समन्वय देखने को मिला।6 वर्ष पूर्ण कर चुके अथवा 30 सितंबर 2026 तक आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज जिन बच्चों की आयु 6 वर्ष पूर्ण होगी उनको प्राथमिक शाला में प्रवेश कराने हेतु शाला पूर्व शिक्षा प्रमाणपत्र जारी कर ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन समस्त ग्रामों में आंगनवाड़ी केंद्रों में किया गया। आंगनवाड़ी में दर्ज ऐसे बच्चे जो 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे उनको प्रमाण पत्र जारी कर प्राथमिक शालाओं में भर्ती कराने का अभियान प्रारंभ किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के शाला त्यागने की प्रवृत्ति को समाप्त करना और शत प्रतिशत बच्चों का प्राथमिक शाला में प्रवेश दिलाना है। परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत 2475 बच्चो को शाला प्रवेश हेतु विद्यारंभ प्रमाणपत्र वितरित किया गया।



## संकट आने पर रक्षा करती हैं मुड़िया पुरवा की खेर माता

हरिभूमि न्यूज >> उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र के मुड़िया पुरवा स्थित खेर माई मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इन दिनों चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर में सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज के गांवों से भी भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार खेर माई के प्रति सैकड़ों वर्षों पुरानी आस्था जुड़ी हुई है। मान्यता है कि जब भी गांव पर कोई संकट आता है, तो माता स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करती हैं। गांव के लोग खेर माता को खेड़ा यानी ग्राम देवी के रूप में पूजते आ रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मातारानी की कृपा से उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

उमरियापान के पूर्व सरपंच जगन्नाथ मांझी ने बताया कि उनके परिवार की चार पीढ़ियां लगातार माता रानी की सेवा और पूजा में लगी हुई हैं। करीब 75 वर्ष पूर्व उनकी दादी झूना बाई बर्मन द्वारा खेर माता की छोटी मढ़िया का निर्माण कराया गया था। इसके बाद वर्ष 2012-13 में सरपंच रहते हुए उन्होंने मंदिर परिसर में बड़ी मढ़िया का निर्माण करवाया, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या और सुविधाओं में बढ़ीं। मंदिर में स्थापित हुई दुर्गा माता की प्रतिमाःनवरात्रि पर्व पर खेर माई मंदिर प्रांगण में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। सुबह-शाम आरती और पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। नौ दिनों तक माता के दरबार में भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में जवारें बोने की परंपरा भी निभाई जा रही है, जिनका विसर्जन नवमीं के दिन किया जाएगा। मुड़िया पुरवा सहित आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं।

*भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं केवट व निषाराज की झांकी रहीं आकर्षण का केन्द्र*

## निषादराज जयंती पर जीवंत झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज >> उमरियापान





बर्मन, मांझी, ढीमर एवं केवट समाज द्वारा उमरियापान में गुहा निषादराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत सिद्ध महाराज की भटिया स्थित हनुमान मंदिर से हुई। जहां समाज के लोग एकत्रित होकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात पुरैना तालाब स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों खेर माता मंदिर, आजाद चौक, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर एवं बरातरे होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण कुमार, केवट एवं निषादराज की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर युवक-युवतियां उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और समाजसेवियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। लोगों ने भगवान का पूजन कर मिष्ठान एवं जलपान कराया। प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बनेगा निषादराज भवन

गुहा निषादराज जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान का पूजन कर समाजजनों का स्वागत किया। इस दौरान समाज की मांग पर विधायक ने निषादराज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।


### अजितनाथ भगवान का किया गया महामस्तिकाभिषेक



जैन धर्म के द्वितीय तीर्थकर देवाधिदेव श्री 1008 अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव चैत्र शुक्ल पंचमी दिन सोमवार को ग्राम तेवरी में बडे धूमधाम से मनाया गया जिसमे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का मस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण लाडू चढाकर पूजा अर्चना की गई। भगवान का प्रथम कलश से अभिषेक और शांतिधारा करने का सौभाग्य समाज के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ एवं द्वितीय शांतिधारा करने का सौभाग्य संतोष कुमार जैन को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत प्रभु को निर्वाण लाडू चढ़ाए गए यह कार्यक्रम पं. सतेन्द्र जैन शास्त्री तेवरी के कुशल निर्देशन में सम्पन्न किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ जिनेन्द्र जैन, नरेंद्र जैन, प्रकाश चंद जैन, रमेशचन्द जैन, ऋषभ जैन सहित समस्त समाज जनों की उपस्थिति रही शाम को सभी भक्तों ने मिलकर श्री जी की मंगल आरती एवं भक्तांबर पाठ किया

## बजरंग धाम चाँदन में मां भगवती के दर्शन को श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज >> बड़वारा



बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम चाँदन में जगत जननी मां जगदंबे की आराधना के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है। ग्राम चाँदन सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं। भक्तजन जलार्पण कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर रहे हैं।

ग्राम चाँदन में बजरंग धाम के नाम से प्रसिद्ध मां दुर्गा मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर में सुबह से ही पूजन-अर्चन का क्रम जारी रहता है, वहीं प्रतिदिन सायं 7:30 बजे आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, उत्साहपूर्वक शामिल हो रही हैं। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आ रहा है।मंदिर पुजारी जी से प्राप्त जानकारी अनुसार समाजसेवी हरिप्रसाद पाण्डे उर्फ भोला महाराज एवम समस्त ग्राम वासियों के सौजन्य से आदिशक्ति भगवती मां जगदंबे को प्रतिदिन भोग अर्पित किया जाता है, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है। प्रतिदिन रात्रि में माता रानी की शान में महाआरती व देवी जागरण किया जाता है। 27 मार्च को प्रातः हवन-पूजन के बाद दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों ने नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां जगदंबे के दर्शन करने एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

*जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिए नवांकुर संस्था द्वारा किया गया आयोजन*

## कलश यात्रा एवं जन जागरूकता रैली निकाली, ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिये किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के ग्राम मड़ई में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय के सहयोग से जल शक्ति से नव भक्ति सुरक्षित जल, समृद्ध कल के अंतर्गत जागरूकता का संदेश देने के लिए ग्राम वासियों मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं के सहयोग से जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता हेतु कलश यात्रा और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



बैंड बाजों की धुन के साथ कलश यात्रा और जागरूकता रैली ग्राम पंचायत से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करती हुई खेर माई मंदिर में समाप्त हुई। रैली में जल बचाओ, जीवन बचाओ। जल है तो कल है ,जल बचाना सरल है। जल नहीं बचाओगे, तो प्यासे रह जाओगे।दादा दरी दादी करें पुकार, जल बचाओ बारंबार। जैसे उद्घोष के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कलश यात्रा और जागरूकता रैली के समापन के पश्चात खेर माई मंदिर परिसर में ग्राम की महिलाओं के द्वारा देवी भजनों की प्रस्तुति की गई।

परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण में 27 मार्च तक आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अधिकतम वर्षा जल को संरक्षित करते हुए जल स्त्रोतों के संवर्धन में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में ग्राम मड़ई की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और बारडोली वेलफेयर सोसाइटी की सदस्य श्रीमती रूपा बर्मन के द्वारा विगत कई दिनों से आयोजन की तैयारी करते हुए ग्राम की महिलाओं के सहयोग से कलश की सजावट करते हुए कलश यात्रा के लिए तैयार किया। ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन का महत्व बताते हुए कार्यक्रम के लिए मानसिक रूप से तैयार किया और उन्हें शामिल होने के लिए सूचना प्रदान करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की। इस आयोजन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी गण, आर एल चौधरी, शिवकुमार चौधरी आदि शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संबोधित, की कई घोषणाएं

# निषादराज जयंती पर आकर्षक झांकियों के साथ निकली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज >> कटनी



भगवान श्री राम के अनन्य मित्र और सेवा के प्रतीक महाराजा गुहराज निषाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज को संबोधित करते हुए बड़ी सौगातें और प्रेरणादायक बातें कहीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम और निषादराज की मित्रता अटूट है, निषादराज के बिना भगवान राम की गाथा अधूरी है। उन्होंने निषाद समाज के गौरवशाली इतिहास को नमन करते हुए समाज के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि समाज को जल से जुड़े व्यावसायिक क्षेत्रों में उचित आरक्षण दिलाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष निषाद जयंती और भी अधिक भव्यता और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समाज के वरिष्ठों, पार्षद जयनारायण निषाद, संरक्षक वेंकट निषाद और युवा समाजसेवी श्याम निषाद से सीधे बात कर समाज का कुशलक्षेम जाना।

निषादराज जयंती के कार्यक्रम की शुरुआत नई बस्ती निषाद मोहल्ले से हुई जहाँ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु वाहन रैली के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकले। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी और केवट राज की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में नेशनल चेस प्लेयर मोनिका निषाद, नृत्य कलाकार दिवांशी निषाद सहित समाज के वरिष्ठों और मातृशक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्यों के साथ-साथ कराटे और अन्य साहसी प्रदर्शनों ने युवाओं में जोश भर दिया।

कार्यक्रम में कटनी विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी और महापौर प्रीति संजीव सूरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम कमिश्नर और तहसीलदार सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारी मुस्तैद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा समाजसेवी श्याम निषाद ने किया। उन्होंने बताया कि निषादराज की सेवा भावना पूरे विश्व के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में निषाद मांझी उत्थान समिति के अध्यक्ष जयनारायण निषाद, संरक्षक वेंकट निषाद, राजेश पुरविया (रिट. कमिश्नर), जमुना निषाद, सरपंच संतोष निषाद, और शशि निषाद सहित हजारों की संख्या में युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।अंत में, निषाद समाज और आयोजन समिति ने मातृशक्ति के जुड़ाव और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## सचिव पर जमीन पर कब्जा करने के आरोप, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज >> बड़वारा

बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत निगहरा सचिव पर जमीन हड़पने और अवैध निर्माण करने जाने का आरोप ग्राम कांटी निवासी पंकज सोनी ने लगाया गया है। पंकज सोनी ने थाने में दी गई शिकायत के माध्यम से बताया कि निगहरा के सचिव सचिव ने उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और वहां निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। पंकज का कहना है कि जब उसने इसका विरोध किया तो सचिव ने दबंगई दिखाते हुए जान से मरवाने की भी धमकी दे डाली।

पंकज ने अपनी शिकायत में बताया है कि उन्होंने वर्ष 2024 में ग्राम बसाड़ी में एक जमीन खरीदी थी। ग्राम पंचायत निगहरा के सचिव ध्यान सिंह राठौर ने उनकी गैर-मौजूदगी में रात के समय उनकी



जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा कर लिया। अब सचिव द्वारा उसे धमकाया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि सचिव द्वारा दबंगई दिखाते हुए कहा जा रहा है कि जहां चाहो शिकायत करो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित पंकज सोनी ने बड़वारा थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर ली है। चूंकि मामला जमीन और राजस्व से जुड़ा है, इसलिए पुलिस ने पीड़ित को तहसील कार्यालय में भी आवेदन देने की सलाह दी है।

## पशु क्रूरता के मामले में की गई कार्यवाही

# संदेह के आधार पर रोके गए पिकअप में ठूंस-ठूंस कर भरी मिली नौ भैंसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा के नजदीक विदारी घाटी,बंशीपुर तिराहें के पास संदेह के आधार पर रोके गए एक पिकअप वाहन से नौ भैंसें अत्यंत अमानवीय स्थिति में भरी हुई मिली जिसे स्थानीय लोगों एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सतर्कता से वाहन को पड़कर के जबेरा पुलिस के हवाले कर दिया गया, जिसके बाद तत्काल ही कार्यवाही की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंशीपुर तिराहा के पास बजरंग दल के प्रखंड संयोजक एवं बंशीपुर सरपंच के प्रतिनिधि डाल सिंह जब अपने गांव लौट रहे थे उसी दौरान उन्हें एक पिकअप वाहन संदिग्ध अवस्था में गुजरता हुआ नजर आया। शंका होने पर वाहन को रुकवा कर के जांच की गई तो अंदर का दृश्य देखकर के सभी हैरान रह गये पिकअप वाहन में नो भैंसों को ठूंस ठूंस करके भरा गया था एवं उनके साथ क्रूरता बरती जा रही थी घटना की सूचना मिलते ही बजरंग दल के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंचे एवं घेरा बंदी करके वाहन को अपने कब्जे में लेकर के जबेरा थाना पहुंचाया गया, वाहन के साथ एक आरोपी को भी पुलिस के सुपुर्द किया गया। इस पूरी कार्यवाही में बजरंग दल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा, जिनकी सक्रियता एवं त्वरित पहल से ही संदिग्ध वाहन को समय रहते रोका जा सका एवं पुलिस तक पहुंचाया गया जिस कारण बड़ी कार्यवाही संभव हो पाई। पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए पिकअप वाहन को जप्त कर लिया है एवं सभी भैंसों को सुरक्षित रूप से जीव दया दयोदय गौशाला जबेरा पहुंचाया गया जहां उनकी देखभाल की जा रही है आरोपी को हिरासत में लेकर के पूछ तांछ की जा रही है , मामले की जांच जारी है प्रारंभिक जांच में मामला पशुओं के अवैध एवं क्रूरतापूर्ण परिवहन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। जबेरा पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि इन भैंसों को कहां से लाया जा रहा था एवं इनका गंतव्य क्या था। इस घटना के बाद क्षेत्र में पशु तस्करी एवं अवैध परिवहन को लेकर के एक बार फिर चिंता व्यक्त की गई है स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की मामलों पर शक्ति से रोक लगाने के लिए नियमित जांच एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# चैत्र नवरात्रि में माता रानी के दरबार में उमड़ रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमर रही है। माता के चरणों में श्रद्धा स्वरूपध्वज, नारियल और चुनरी चढ़ाई जा रही है। विशेष पूजा अर्चना और ध्वजारोहण के साथ माता रानी की आराधना की जा रही है । माता रानी को जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रहती है। नगर के समस्त देवी दिवालो में भक्तों द्वारा अलसुबह से विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। अनेक श्रद्धालुओं 9 दिन तक चलने वाले इस पर्व पर व्रत रखे हुए हैं । सुबह 4:00 बजे से नगर में 4 किलोमीटर दूर स्थित माता खमरिया खेर एवं जगत जननी बड़ी भुवन माता के दरबार में भक्ति नंगे पैर जाकर श्रद्धा भाव से जल अर्पित कर माथा टेक रहे है।अनेक जगह पर कन्या भोज और भंडारा किए जा रहे हैं। इसी प्रकार नगर की खिरका मोहल्ला में विराजमान बड़ी काली माता , माता निरंकाली माता, सिंह वाहिनी माता, शारदा माता, मरई माता एवं नन्नी माता ज्वाला माता ,देवी मंदिरों में भक्तों द्वारा विशेष पूजा की जा रही है। अनेक मंदिरों में अखंड रामायण पाठ , दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है । मुख्य बाजार क्षेत्र सहित घर-घर में भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। नगर सेवा समिति ने ध्वज चढ़ाया । नगर सेवा समिति के सदस्यों ने सुबह बैंड बाजो के साथ भव्य शोभा यात्रा के साथ खमरिया खेर माता मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ माता रानी को विशाल ध्वज अर्पित किया एवं प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि हम लोग 8 वर्ष से माता रानी को देश एवं नगर की सुख समृद्धि के लिए ध्वज चढ़ा रहे हैं । इस अवसर पर प्रेम नारायण प्यासी, देव सिंह ठाकुर ,कमलेश कुमार नामदेव ,संजय अग्रवाल, राजेश वर्मा, कुशल चौरसिया, विकास सोनी, दिलीप रावत, भान सिंह, दीपक पांडे ,सहित नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य एवं किशोरी दल की समस्त बहनें मौजूद रहे।

### नगर सेवा समिति ने ध्वज चढ़ाया

नगर सेवा समिति के सदस्यों ने सुबह बैंड बाजो के साथ भव्य शोभा यात्रा के साथ खमरिया खेर माता मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ माता रानी को विशाल ध्वज अर्पित किया एवं प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि हम लोग 8 वर्ष से माता रानी को देश एवं नगर की सुख समृद्धि के लिए ध्वज चढ़ा रहे हैं । इस अवसर पर प्रेम नारायण प्यासी, देव सिंह ठाकुर ,कमलेश कुमार नामदेव ,संजय अग्रवाल, राजेश वर्मा, कुशल चौरसिया, विकास सोनी, दिलीप रावत, भान सिंह, दीपक पांडे ,सहित नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य एवं किशोरी दल की समस्त बहनें मौजूद रहे।

# संकल्प से समाधान अभियान शिविर में 9290 आवेदनों का हुआ निराकरण



**दमोह**। मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत खंड स्तरीय शिविर का आयोजन जनपद पंचायत बटियागढ़ के आजीविका मिशन सभागार में किया गया। शिविर में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर अभियान का समापन किया गया। अभियान की शुरुआत 12 जनवरी 2026 से हुई थी। इस दौरान कुल 9290 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8738 आवेदनों का निराकरण पूर्व में ही कर दिया गया था। समापन शिविर के दौरान शेष 552 आवेदनों का भी निराकरण कर दिया गया। इस प्रकार अभियान के अंत तक सभी 9290 आवेदनों का समाधान कर लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा आंगनवाड़ी से स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों को फूलमाला पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान कर समानित किया गया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास ने कहा मध्यप्रदेश शासन के द्वारा नई-नई योजनाओं को बना कर प्रदेश की जनता को लाभ पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। बटियागढ़ क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा समय पर लोगो को योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जा रहा है । समापन शिविर में नरेंद्र व्यास, अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र कटारे, अंकित राजपूत, गोपाल प्रजापति, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परियोजना के अंतर्गत विद्या प्रारंभ कार्यक्रम संपन्न



**तेंदूखेड़ा**। मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र खमरिया कला एवं देवरी निजाम, सेक्टर सैलबाड़ा में "विद्या प्रारंभ कार्यक्रम" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना रहा। केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रदान की जाती है, जिसके उपरांत 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 बच्चों को "विद्या प्रारंभ प्रमाण पत्र" प्रदान किए गए, जो उनके प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश का प्रतीक है। साथ ही "बाल चौपाल" का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों के समग्र विकास, पोषण एवं शिक्षा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक राजू नामदेव, सरपंच मालक सिंह यादव, प्राचार्य मानक लाल अहिरवार, शिक्षक शंकर लाल झारिया एवं अनिल खरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता एवं शीला, सहायिकाएं तथा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस पहल की सराहना की।

# निषादराज और जय श्री राम के नारों से गूंजा दमोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिला रैकवार, केवट, बर्मन, धुरिया, कहार, कश्यप, निषाद बाथम, भोई मल्लाह,ढीमर माझी समाज ने प्रभु श्री राम के सखा माझी समाज के आराध्य देव निषादराज महाराज जी की जयंती पर दमोह विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें फुटेरा मुहल्ला, शोभा नगर, फिल्टर कालोनी, पलंदी चौराहा, मुकेश नायक कालोनी,चैनपुरा, बजरिया वार्ड 07,लोको से स्वजातीय बंधु डीजे की धुन पर गांजे बाजे के साथ नाचते झूमते हुए महाराणा प्रताप स्कूल मैदान पहुंचे जहां भगवान निषादराज महाराज के चित्र का पूजन स्वजातीय बंधुओं के द्वारा किया गया जहां पर हजारों की संख्या के साथ निषादराज महाराज की जयंती पर विशाल शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो पुराना थाना, मोहन टॉकीज, बकौली सांई मंदिर,घंटाघर,राय तिराहा,बस स्टैंड, जिला सहकारी बैंक, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर चौराहा, भाजपा कार्यालय कीर्ति स्तंभ से शिवाजी चौक से वापस महाराणा प्रताप स्कूल मैदान में प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। आकर्षण का केंद्र रही प्रभु श्रीराम, सीता मैया और निषादराज की झांकी निषादराज शोभायात्रा के दौरान प्रभु श्रीराम, सीता मैया ओढ़े निषादराज महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जहां पर शहर के विभिन्न चौराहों पर शोभायात्रा में भगवान का पुष्प वर्षा कर आरती पूजन के साथ स्वागत किया गया।


### ढिमरयाई नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

निषादराज जयंती पर रैकवार केवट बर्मन धुरिया समाज का परंपरागत ढिमरयाई नृत्य की प्रस्तुति जगह जगह होती रही जिसने स्वजातीय बंधुओं और दमोह के आमजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों की संख्या में माझी समाज ने दिखाई ताकत निषादराज जयंती पर दमोह नगर मे आयोजित विशाल शोभायात्रा में दमोह कि रैकवार, माझी,केवट, बर्मन, धुरिया कहार निषाद बाथम समाज ने अपनी सामाजिक एकता की ताकत दिखाई और जिस तरह हजारों की संख्या में माझी समाज निकली है वह एक बड़ी ताकत के साथ माझी समाज का शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है।

### माझी समाज बचन की पक्की है- जयंत मलैया

निषादराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में दमोह विधायक जयंत मलैया ने समाज को संबोधित करते हुए कहा है कि हमारा तो माझी समाज से कई वर्षों से पुराना रिश्ता है मैंने देखा है कि माझी समाज बचन की पक्की है। और यह बात सत्य है कि मित्रता निभाने में माझी समाज कभी पीछे नहीं हटती है। माझी समाज को मिलें आरक्षण का लाभ तो हमारी समाज की तस्वीर और तकदीर बदलेगी- रामकृष्ण रायकवार मध्यप्रदेश माझी आदिवासी महासंघ के प्रदेश महामंत्री निषादराज जयंती में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने दमोह पहुंचे जहां पर उन्होंने कहा कि दमोह से मेरा गहरा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि 1992 में मप्र की सुंदर लाल पटवा की भाजपा सरकार ने माझी,केवट, रैकवार,भोई मल्लाह कहार निषाद बाथम माझी को आरक्षण का लाभ दिया था। तब राज्य में भाजपा की सरकार थी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी लेकिन कुछ समय माझी आरक्षण का लाभ समाज को मिला लेकिन फिर माझी आरक्षण पर रोक लग गई। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव से अपील करते हुए कहा है कि माझी समाज को माझी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए क़दम उठाए और त्वरित ही माझी समाज को आरक्षण दे जिससे कि हमारी समाज की तकदीर और तस्वीर बदलेगी। इस दौरान दमोह नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा, पूर्व भाजपा महामंत्री रमन खत्री, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पं.मनीष तिवारी, पलंदी चौराहा से राजकुमार रैकवार, मुकेश नायक कालोनी से हेमंत रैकवार,चैनपुरा से मोनू रैकवार, शोभा नगर फिल्टर कालोनी से माझी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष रैकवार सचिव, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष संतोष रैकवार पार्षद रमेश राठौर,आमचौपरा से मुन्ना रैकवार, लोकों से अमर रैकवार,धरमपुरा प्रकाश रैकवार, जटाशंकर से संदीप रैकवार, बेलाताल से राजू रैकवार, असाटी वार्ड से ओम रैकवार,इमलाई से ऋषभ नायक,सिविल वार्ड से गुड्डा रैकवार ने स्वजातीय बंधुओं को संबोधित किया है। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के माथे राकेश धुरिया, ग्रामीण जिला महामंत्री प्रहलाद रैकवार, ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी नरेश रैकवार और आभार शहर जिला अध्यक्ष राकेश रैकवार के द्वारा व्यक्त किया गया।

# सांकला माता को जल अर्पित करने सुबह से पहुंच रहे श्रद्धालु



**तारादेही**। ब्लॉक के तारादेही ग्राम में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिनों का यह दिव्य उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता है। जैसे ही नवरात्रि का शुभारंभ होता है, संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है और चारों ओर जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है तारादेही के ग्रामीण अंचलों में जहां एक ओर श्रद्धालु विधि-विधान के साथ जवारे बोकर मां शक्ति की आराधना में लीन हैं तो सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ तारादेही ग्राम के पास सांकला माल में स्थित सांकला की माता के दरबार पहुंचकर जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और मां का आशीर्वाद लेते हैं सांकला माता का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के हृदय में श्रद्धा, शक्ति और विश्वास का संचार कर रहा है। माता की प्रतिमा की भव्यता, अलौकिक आभा और आकर्षण ऐसा है कि दूर-दूर से भक्त खिंचे चले आते हैं।

## जिला पंचायत सदस्य द्वारा दिए गए ज्ञापनों पर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश बीईओ को सर्रा संकुल में आरोप-प्रत्यारोप का दौर, मामला पहुंचा कलेक्टर तक

# शिक्षा विभाग में घमासानः जनशिक्षक पर लापरवाही, प्राचार्य पर शराब सेवन के आरोप

**झलौन**। संकुल केंद्र सर्रा में पदस्थ जनशिक्षक एवं संकुल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गये है प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संकुल प्राचार्य एवं शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल सर्रा के प्राचार्य बलबीर राय ने जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर जनशिक्षक कौशल सिंह पोर्ते पर कर्तव्यहीनता, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के आरोप लगाए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित जनशिक्षक द्वारा शिक्षक ऐप पर गलत तरीके से उपस्थिति दर्ज की जा रही है। विभागीय नियमों के अनुसार कार्यस्थल की लोकेशन से ही उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है, जबकि आरोप है कि वे अनुपस्थित रहते हुए अन्य स्थानों से तकनीकी माध्यमों द्वारा उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, जो शासन के साथ धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इसके अलावा एफएलएन पोर्टल पर भी किसी प्रकार के निरीक्षण की जानकारी आज दिनांक तक दर्ज नहीं की गई है। प्राचार्य के अनुसार जनशिक्षक का मुख्य दायित्व क्षेत्र के विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की निगरानी करना एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन देना होता है, किंतु इस दिशा में कोई प्रभावी कार्य नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जनशिक्षक नियमित रूप से संकुल केंद्र से अनुपस्थित रहते हैं और उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर भी नहीं मिलते। इससे संकुल की प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्राचार्य द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि जनशिक्षक शिक्षा कार्यों की अपेक्षा क्षेत्रीय राजनीति में अधिक सक्रिय रहते हैं तथा अपने पारिवारिक प्रभाव का उपयोग कर अन्य कर्मचारियों को गुमराह करते हैं और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। इन सभी तथ्यों के आधार पर उन्होंने संबंधित जनशिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन की मांग की है वहीं दूसरी ओर, जनशिक्षक कौशल सिंह पोर्ते ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने पलटवार करते हुए प्राचार्य पर ही बच्चों के छात्रावास में शराब सेवन करने का गंभीर आरोप लगाया है। उनके अनुसार 17 फरवरी को वे परीक्षा संबंधी कार्य से सर्रा पहुंचे थे, जहां प्राचार्य विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। जानकारी लेने पर पता चला कि वे समीप स्थित छात्रावास में हैं। जब वे वहां पहुंचे तो कथित रूप से प्राचार्य को शराब का सेवन करते हुए पाया गया, जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हो गया। जनशिक्षक का दावा है कि उन्होंने इस घटना का वीडियो भी बनाया है। इस पूरे मामले को लेकर सर्रा एवं फुलर क्षेत्र के ग्रामवासियों, सरपंचों एवं अतिथि शिक्षकों द्वारा भी प्राचार्य की कार्यप्रणाली के विरोध में जिला पंचायत सदस्य को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद 24 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य ने उक्त ज्ञापन जिला कलेक्टर दमोह को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच मामला जांच के अधीन है और अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कलेक्टर ने सौंपी जांच

इस पूरे मामले को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य द्वारा दिए गए ज्ञापनो के मामले मैं कलेक्टर द्वारा जांच उन्हें सौंपी गई है। जिसमें प्राचार्य की कार्य प्रणाली एवं शराब के संबंध में यह जांच मुझे करने जाना है उन्होंने कहा कि वे मंगलवार को सर्रा पहुंचकर जांच करेंगे और जांच पूर्ण होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उसके बाद ही मैं कुछ बता पाऊंगा।

# शराब मामले चौथा आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 26.09.25 को थाना बटियागढ़ में मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 40 पेटी अवैध शराब जप्त की गई थी जिस पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्र. 314/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था । जिसमें फरार आरोपी देवेन्द्र सींग लोधी पिता छोटे उर्फ गनेश सींग लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम राख थाना बिनायका जिला सागर को दिनांक 24.03.2026 को चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार एवं स्टाप द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी देवेन्द्र लोधी पर थाना बिनायका में पूर्व से विभिन्न धाराओं में 08 अपराध दर्ज है । आरोपी आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध जिला बदर भी तैयार किया गया है। प्रकरण में पूर्व में 03 आरोपियों वीरेन्द्र सींग लोधी निवासी ग्राम शेखपुर थाना बिनायका, रामराज उर्फ रम्मू दांगी (ठाकुर) निवासी गोरा थाना बहेरिया जिला सागर (म.प्र.) एवं शुभम उर्फ शिवप्रताप सिंह परमार निवासी जगारा थाना बाजना जिला छतरपुर की गिरफ्तारी हो चुकी है। जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है। कार्यवाही में सउनि आनंद कुमार, प्र.आर. विपेश चौबे, सायबर सेल दमोह का सहयोग रहा।

# 143 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह**। सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 143 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 11 आधार पंजीयन, आयुष्मान पंजीयन 01 एवं 104 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 21 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

# नामदेव समाज ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**दमोह**। आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति एवं जिला नामदेव समाज दमोह द्वारा बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि तेंदूखेड़ा निवासी दामोदर नामदेव के 9 वर्षीय पुत्र काव्य नामदेव, जो आई ई एस पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 का छात्र है, को कुछ दिन पहले स्कूल के शिक्षक द्वारा बेत से बेरहमी से पीटा गया। घटना के बाद बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती गई और वह पिछले 10 दिनों से आईसीयू में कोमा की स्थिति में भर्ती है। समाज ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी शिक्षकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, स्कूल की मान्यता रद्द की जाए तथा बच्चे के इलाज का पूरा खर्च स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन किया जाए। पीड़ित बच्चे की मां ने भावुक होकर कहा कि उनका बच्चा जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। समाज के अध्यक्ष राजू नामदेव ने बताया कि पूरे नामदेव समाज में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे मध्य प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री तक मामला पहुंचाया जाएगा। इस दौरान समाज की मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने स्कूल प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा।

# शोभायात्रा निकालकर गजबाबा महाराज को 21 फीट ध्वज अर्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

निषादराज जयंती के पावन अवसर पर रैकवार मांझी समाज द्वारा नगर में भक्ति और उत्साह के साथ नगर में शोभायात्रा निकालकर इस दौरान गजबाबा महाराज को 21 फीट ऊंचा ध्वज अर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गजबाबा मंदिर से हुई, जहां समाज के लोगों ने एकत्र होकर पूजा-अर्चना की और ध्वज चढ़ाया। इसके बाद नाव घाट से रतन बजरिया होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के युवक-युवतियां एवं महिलाएं शामिल हुईं। युवा अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक चल रहे थे, वहीं महिलाएं और युवतियां पारंपरिक नृत्य करते हुए शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। शोभायात्रा उपरांत गजबाबा का सामूहिक रूप से महाआरती की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निषादराज महाराज केवल रैकवार समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के आराध्य हैं।समाज के कमल रैकवार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए नशामुक्ति और शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर समाज को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## शिक्षकों ने खोला मोर्चा, मूल्यांकन पारिश्रमिक बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी दमोह द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं से जुड़ी अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी गई। संघ के पदाधिकारियों ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में संलग्न मुख्य परीक्षकों एवं उप-मुख्य परीक्षकों के पारिश्रमिक में वृद्धि की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और मूल्यांकन कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए वर्तमान में दिया जा रहा पारिश्रमिक अत्यंत कम है। संघ ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की सटीकता सुनिश्चित करने वाले इन पदों के मानदेय में तत्काल ससम्मान वृद्धि की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के साथ-साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी एकजुट नजर आए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमेंद्र कुमार जैन (संभागीय अध्यक्ष), कमलेश कुमार सेन (जिला अध्यक्ष)पारस जैन,निलेश जैन,शिशिर तिवारीघनश्याम ठाकुर, नितेश पाठक मनीष भारद्वाज महेश गुप्ता भागचंद जैन नरेश अहिरवार संजय दुबे मुकेश विश्वकर्मा हीरा सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। वर्तमान में जिला प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगों को शासन के गलियारों तक पहुँचाया गया है। शिक्षकों का यह कदम ऐसे समय में आया है जब मूल्यांकन कार्य अपने चरम पर है, जिससे शासन पर दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है।



### शिक्षक संवर्ग की पात्रता परीक्षा के संबंध में सौपा ज्ञापन

**दमोह।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अन्य प्रदेश के अशासकीय याचिका में पारित निर्णय को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी शिक्षकों पर भूतलक्षीय प्रभाव से लागू करते हुये शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू की गई है। भर्ती के समय लागू सेवा शर्तों के अधीन तत्समय के प्रावधान से नियुक्त किये गये शिक्षको को 25-30 वर्ष की सेवा उपरांत आज सेवा में बने रहने हेतु उन पर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का बंधन लागू करना सेवा शर्तों का उल्लंघन है। इस संबंध में अग्र निवेदन निम्नानुसार है। प्रथमतः आग्रह है कि लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी संदर्भित पत्र को निरस्त करते हुये माननीय उच्चतम न्यायालय के सिविल अपील 1385/2025 में पारित निर्णय के विरूद्ध उ.प्र. सहित अन्य प्रदेश शासन द्वारा दाखिल रिव्यू पिटीशन की भाँति म.प्र. शासन की ओर से भी रिव्यू पिटीशन दाखिल की जाये। अन्यथा की स्थिति में आग्रह है कि लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी संदर्भित पत्र को तब तक स्थगित किया जाये जब तक माननीय उच्चतम न्यायालय की सिविल अपील 1385/2025 में पारित निर्णय के विरूद्ध उ.प्र. सहित अन्य प्रदेश शासन द्वारा दाखिल रिव्यू पिटीशन पर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय पारित नहीं किया जाता। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष विवेक दुबे, कोषाध्यक्ष पं विष्णु शर्मा, सचिव श्याम यादव, संरक्षक गणेश प्रसाद दुबे, राकेश हजारी, सत्यनाराणय तिवारी, डॉ मोहन आर्दश, प्रेम सिंह ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, अभय भट्ट, राजू बड़कुल, आसिफ अंजुम, सुरेन्द्र, प्रमोद, कमलेश, पूर्व प्रचार्य आरएस राजपूत महिला शक्ति में रूचिरा पांडे, उषा बड़गैया, गायत्री पांडे मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस एवं सहयोगी संगठन अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा दमोह ने सौंपा ज्ञापन।



## खास बातें

### चोरी की बाइक से घूमते पकड़ा गया युवक

**हटा।** गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक चोरी की मोटर साइकिल से घूमते हुए पकड़ा गया है। सोमवार शाम पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़ित सुरेश पिता मोहन पटैल निवासी मुहन्ना के द्वारा गैसाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 20 मार्च की दोपहर वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 34 एमएच 7316 से घर के काम हिनौता गांव गया था। शाम करीब 7 बजे उसकी बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गया था पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया। इसी दौरान सोमवार शाम आरोपी महेन्द्र पिता बद्री यादव निवासी पुरैना बक्शी बाइक से घूमते मिल गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी गई बाइक को बरामद कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सौरभ शर्मा के साथ अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा।

### घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत

**पथरिया।** एक तरफ शासन द्वारा बार बार कहा था रहा है कि घरेलू गैस की किल्लत नही है लेकिन फिर भी महाकाल गैस एजेंसी पथरिया में लाइन कम नही हो रही है सुबह 4-5 बजे से लोगों की लाइन लग रही है वही टोकन नंबर से वितरित हो रहें हैं। लाइन में 100 टोकन नंबर दिए जा रहे हैं होम डिलीवरी सेवा बंद पड़ी हुई है 10 मार्च को आनलाइन पैसा हो गया पर अभी तक डिलीवरी नही हुई कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज हुई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। वही कंपनी द्वारा जितने भी टोल फ्री या शिकायत नंबर दिए सभी बंद जा रहें हैं। वही पथरिया में महाकाल गैस एजेंसी संचालक राजेन्द्र बिदौलिया अपना नंबर बंद किए हुए हैं कभी भी लगाए बिजी बिजी जा रहा है। वही एक बात समझ नहीं आ रही कि जब जब किसी भी चीज का संकट हुआ जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता और जाए भी कैसे आखिर परेशानी सिर्फ आम जनता को है। इसलिए वही लाइन में इतंजार करते है वाकि जनप्रतिनिधि को संकट के समय किसी भी चीज की कमी नही देखी गई। जो अपने आप में चर्चा का विषय बना रहता है।

## शीतला माता मंदिर में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बमनपुरा में शीतला माता मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17/03/2026 को प्रार्थी भागीरथ प्रसाद कुर्मी निवासी ग्राम बमनपुरा शीतला माता मंदिर पुजारी बमनपुरा ने थाना पर रिपोर्ट किया कि मै शीतला माता मंदिर में पूजापाठ करता हूँ। दिनाँक 17/03/2026 को मंदिर में माता जी की पूजा पाठ करके सुबह 10/30 बजे मंदिर के सभी गेटो में ताला डालकर मंदिर बंद कर चाबी अपने साथ लेकर घर आ गया था चाबी मैने घर पर रख दी थी। शांम करीबन 04.00 बजे मेरे पिताजी मंदिर की साफ सफाई के उद्देश्य से शीतला माता मंदिर पहुंचे तो देखा मंदिर के गेट खुले एवं ताला टूटा हुआ था। सूचना देने पर पहुंचे तो शीतला माता का गले का हार सोने का एवं दस चांदी के छत्र नही मिले। कोई अज्ञात चोर दिन में शीतला माता मंदिर के गेट का ताला तोड़ कर अंदर घुस कर चोरी कर ले गया जो रिपोर्ट पर थाना पटेरा मे अप.क्र. 93/26 धारा 331(3),305(ए) बीएनएस का अपराध अज्ञात आरोपी के खिलाफ पंजीबद्ध कर जो अपराध मंदिर चोरी एवं गंभीर प्रवत्ति का होने से बरिष्ठ अधिकारियो द्वारा संज्ञान मे लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत सिंह भदौरिया जिला दमोह के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय हटा सौरभ त्रिपाठी महोदय के मार्गदर्शन में थाना पटेरा पुलिस द्वारा आये सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आस पास के क्षेत्र मे लगे रास्तो मे सीसीटीव्ही फुटेज सर्च के आधार पर अज्ञात आरोपियो की एवं माल मसरूका की तलाश की गई। फुटेज के आधार पर आरोपियो की पहचान की जाकर आरोपियो एवं चोरी गये मसरूका खरीदने चांदी के छत्र एवं सोने का हार कीमती करीब कुल ढ़ाई लाख रूपये का मसरूका आरोपियानो से जप्त किया गया। चांदी के छत्र एवं सोने का हार चुराने एवं बैचने पर आरोपी परमलाल अठ्या पिता मुन्ना लाल अठ्या उम्र 35 साल, गुटालू उर्फ गोविंद पिता रूपसींग लोधी ठाकुर उम्र 47 साल, परमलाल उर्फ गुट्टू पिता स्व. गोकल अठ्या उम्र 45 साल सभी निवासी हिण्डोरिया को को गिरफ्तार किया गया हैं। सफलता में सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी कर्मचारी थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर,उनि संतोष सिंह, सउनि दिलीप सिंह, प्र.आर. रूपलाल , आऱ बालमुकुंद, बृजेश, अनिल सिंह, आरक्षक इंद्रजीत सिंह ,म.आर रानी ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही ।



### हादसे के बाद ग्रामीणों ने उठाई रास्ते की मांग...
## ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम देवतरा (पुरन हाउ) में सोमवार की शाम एक हृदय विधायक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि एक किसान खेत से जुताई करके लौट रहा था की तालाब की मेड़ पर किसान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर के पलट गया जिसमें उसकी जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 50 वर्षीय नर्मदा पिता चू रामन अहिरवार सोमवार की शाम को ट्रैक्टर से अपने खेत से घर लौट रहा था की गांव के समीप तालाब की पार से गुजरते समय अचानक ट्रैक्टर असंतुलित होकर के पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि किसान नर्मदा की मौके पर ही मौत हो गई, घटना की सूचना पुरे न हाउ सरपंच के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जबेरा थाना पुलिस शाम को मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान नर्मदा पिता चूरा मन अहिरवार उम्र 50 वर्ष के रूप में की । थाना प्रभारी विकास चौहान ने बताया कि पंचनामा कार्यवाही पूरी कर ने के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा के शव ग्रह में सुरक्षित रख दिया गया है ,परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### ग्रामीणों में आक्रोश रास्ता खोलने की उठी मांग

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया, ग्रामीणों का कहना था कि पुराने शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण कर कर लिया गया है जिससे मजबूरन तालाब की पार जै से जोखिम भरे रास्ते से आना जाना पड़ता है जिस कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, ग्रामीणों में बल्लू , रविंद्र धनगर, सुक्की सिंह गोंड सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटवा करके इसे आम लोगों के लिए फिर से चालू किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### इनका कहना है

सोनम पांडेय, तहसीलदार जबेरा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मैं स्वयं शीघ्र ही राजस्व टीम के साथ मौके का निरीक्षण करके उचित कार्यवाही करूंगी।

## तेज धमाके जैसी आवाज से लोग दहशत में

**रनेह।** रनेह थाना क्षेत्र और पन्ना जिले की बॉर्डर पर आसमान से लड़ाकू विमान जैसी तेज़ गर्जना, ब्लास्ट जैसी अचानक गूंजी आवाज़ से लोग दहशत में हैं। फाइटर जेट या मिसाइल जैसी आवाज़ को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। सूत्रों से पता चला है फाइटर जेट के द्वारा ब्लैंक फायरिंग की गई है, किसी का कहना है कि यह कोई एलियन उड़न तस्तरी है, किसी का कहना है कि रडार से भटक जाने के कारण यह थाना क्षेत्र तक पहुंचा है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि इसे 30 से 40 किमी दूर से भी सुन सकते थे। ब्लास्ट की जानकारी पाने थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण कर पतासाजी करने में जुटे है। देर रात मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट की माक ड्रिल के दौरान प्लेन के सुपर सोनिक बूम से लोगों ने कंपन और आवाज महसूस की।

## आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन




**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया की गरिमामय मौजूदगी में मांगंज वार्ड क्रमांक 4 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 27 में उद्घाटन सह विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 105, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के 192 तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 490 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित कर प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ज्ञात हो कि केंद्र में 14 गर्भवती महिलाएं, 16 धात्री माताएं, 6 माह से 3 वर्ष तक के 80 बच्चे तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 95 बच्चे पंजीकृत हैं। इस अवसर पर वार्ड पार्षद संजय पटेल, महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी दमोह शहरी सुलेखा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी- कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## शिवांश ने ओलंपियाड में दिखाया दम




**दमोह।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेनुसार दिनांक 22 एवं 23 मार्च को राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्वालियर में किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश के 52 जिलों के कक्षा 2 से 5 के अंग्रेजी विषय में जिले में प्रथम आने वाले 208 छात्र-छात्रा,उनके मार्गदर्शी शिक्षक एवं माता/पिता सम्मिलित हुए। प्रथम दिवस ओलम्पियाड का सेमीफाइनल एवं द्वितीय दिवस फाइनल मुकाबला हुआ। अंग्रेजी ओलंपियाड के इस मुकाबले में दमोह जिले के शासकीय सांदीपनि उच्च.माध्य.विद्या.पटेरा में पढ़ने वाले कक्षा -दूसरी के होनहार छात्र शिवांश कुर्मी ने तृतीय पायदान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य हो कि शिवांश कुर्मी के पिता कैलाश और माता श्लेष भी शासकीय शिक्षक हैं एवं भरत पटेल मार्गदर्शी शिक्षक हैं। सम्मान स्वरूप छात्र को रेंजर साईकिल,मेडल, टिफिन,वाटल ,टेबिल,बैग सहित अध्यापन उपयोगी अनेक बस्तु प्राप्त हुई हैं। छात्र की इस राज्य स्तरीय सफलता पर वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र बजाज ,विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आई.एल.अठया, बी.आर.सी.दिलीप उपाध्याय, प्राचार्य विवेक नेमा , वंदना भोज, मुकेश गूजरे एवं शिक्षक प्रमोद परौहा, बृजेन्द्र पटेल,केशवेन्द्र नामदेव, कमलेश शर्मा, महेश दुबे ,चंदन पालीवाल ,विमलेश सेन ,अमित जैन, नरेंद्र पटेल, सुखेंद्र पटेल, मुलायम सिंह, माधव पटेल ,अरविंद पटेल, मुकेश पटेल, उमेश चौरहा, मनोज शुक्ला, हीरा सिंह ,निर्मल सिंह ,मनोहर पटेल,हरिराम पटेल,मूरत सिंह ,रामेश्वर प्रजापति ,पुरुषोत्तम पटेल , दिनेश ताम्रकार सहित विकासखण्ड एवं जिले के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बालक शिवांश को बधाई एवं आर्शीवाद प्राप्त हो रहा है।

## कुण्डलपुर में श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रारंभ



**दमोह।** श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर जिला दमोह मे परम पूज्य समाधि सम्राट आचार्य भवन विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार आचार्य भगवंत माता सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से बाल ब्र.अंकित भईया "सहज्ञ" के निर्देशन मे 23 मार्च 2026 को घटयात्रा ध्वजा रोहन के साथ शुभारम्भ हुआ। शाम को संगीत कार अंकित वर्धमान द्वारा प्रभु की मंगल आरती संपन्न हुई तदुपरांत धनेटा से आये आदरणीय बाल ब्रा.अंकित भईया जी के मंगल प्रवचन हुए जिसमे भईया जी के द्वारा सिद्धचक्र महामंडल विधान को महिमा को बताया गया आदरणीय भईया जी ने बताया की बहुत पुण्य प्रबल होता है तब जाकर सिद्ध क्षेत्र पर सिद्ध प्रभु की आरधना का शोभाग्य प्राप्त होता है. भक्ति भाव के साथ क्षत्राणी पर 27 मार्च तक यह विधान सम्पन होगा जिसके पुण्यर्जक केपी जैन परिवार बसुंधरा नगर दमोह ने अपनी मा के शातायु पूर्ण होने के उपलक्षय मे विधान का आयोजन कराया जा रहा है।

## हिंदू संगठनों ने निकाली भव्य भगवा बाइक रैली



**हटा।** चैत्र नवरात्रि, हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड हटा द्वारा एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वजों से सजी रैली गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से गुजरी, जहाँ युवाओं ने जय श्री राम के जयकारों से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। वाइक रैली का आयोजन विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल, प्रखंड हटा किया गया। रैली देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर रतन बजरिया, बड़ा बाजार, मंदिर मस्जिद चौराहा, राय चौराहा, तीन बत्ती तिगडडा और चंडी जी मंदिर से होते हुए पुनः गौरी शंकर मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखा गया, सभी ने बाइक पर भगवा ध्वज लगाए थे। ₹जय श्री राम₹ और ₹जय हनुमान₹ के उद्घोष से नगर की सड़कें गुंजायमान हो उठीं। यह भव्य रैली सनातन संस्कृति और हिंदू नव वर्ष के उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में समस्त हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी सुधीर बेगी पुलिस बल के साथ बाइक पर सवार होकर व्यवस्थाओं का जायजा लगातार लेते रहे।

## आठ साल से फरार इनामी आरोपी ने हटा न्यायालय में किया सरेंडर

**हटा ।** हटा नगर के बहुचर्चित देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में आठ सालों से फरार इनामी आरोपी ने सोमवार की दोपहर हटा अपर सत्र न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। सिहोरा पड़रिया निवासी त्रिलोक सिंह उर्फ छोटू परिहार उम्र 37 वर्ष धारा 302 307 147 148 149 120 बी आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। दमोह एसपी ने एक टीम भी गठित की थी अरोपी के ऊपर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। लेकिन पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता नही मिली वही अरोपी ने मौका पाकर सीधे आठ साल बाद सोमवार की दोपहर अपर सत्र न्यायालय हटा में आत्मसमर्पण कर दिया है। मामले में हटा थाना टीआई सुधीर बेगी ने बताया अरोपी ने न्यायालय में सरेंडर किया है पूछताछ के लिए एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। घटना के संबंध में पूछताछ कर आरोपी को वुधवार को अपर सत्र न्यायालय में पेश किया जाएगा। वही आपको बता दे कि बहु चर्चित देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड मामले में कुल पथरिया की पूर्व विधायक रामबाई के पति गोविंद देवर चंदू भतीजे गोलू सिंह सहित कुल 28 अरोपी पुलिस ने बनाए थे। जिनमें से 7 मुख्य अरोपी अभी आजीवन कारावास की सजा में जेल में बंद है। एक आरोपी को पाँच वर्ष पूर्व ही माननीय हाईकोर्ट ने डिस्चार्ज कर दिया था। वही एक आरोपी को हटा अपर सत्र न्यायालय ने वर्ष 2024 में साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया था। एवं 18 आरोपियों को माननीय हाईकोर्ट ने 20 जनवरी 2026 को निर्णय पारित करते हुए साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।



## श्री सिद्ध दात्री देवी मंदिर में हुई महाआरती





### नवरात्र में विशेष पूजा अर्चना से मिलता है आशीर्वाद - पं महेश मिश्रा

**दमोह ।** चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख नौ दिवसीय पर्व है, जो शक्ति की उपासना, हिंदू नववर्ष की शुरुआत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह पर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर रामनवमी तक चलता है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा से सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के मंदिरों में अल सुबह ही माता रानी को जल चढ़ाने भक्तों का तांता लग जाता हैं। नगर के देवी मंदिरों में इस अवसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इसी क्रम में प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध दात्री देवी मंदिर में पंचमी तिथि पर महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें सभी कॉलोनी वासियों महिलाओं ने आटे के दिए सजाकर आरती की । मंदिर के पुजारी पंडित महेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन नौ दिन मां के स्वरूप का अलग अलग श्रृंगार किया जाता हैं। प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ किया जाता है। महिला मंडल द्वारा 4 बजे से रामायण पाठ किया जाता हैं। गुरुवार को शाम 6 बजे से हवन पूजन शुक्रवार रामनवमी पर सुबह 9 बजे से 10 बजे तक कन्या पूजन दोपहर 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा शाम 5 बजे ज्वारे विसर्जन किए जाएंगे। वहीं पंडित जी ने नवरात्र पर्व के बारे में बताया कि हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्र से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती हैं।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 'विक्रम संवत' का नया साल माना जाता है, इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। नौ दिनों की साधनाः इन नौ दिनों में माता के नौ अलग-अलग रूपों—शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। राम नवमीः नवरात्रि के अंतिम दिन (नौवें दिन) भगवान श्री राम का जन्म दिवस रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। जो भी भक्त इस नवरात्र में मां दुर्गा देवी जी की विशेष पूजा अर्चना आराधना करते हैं उन पर मां अपना आशीर्वाद हमेशा बनाए रखती हैं।

### दूसरे दिन भी नहीं लग सका चोरों का सुराग

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पंचवटी धाम स्थित एक सूने सरकारी आवास को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, अभिषेक उपाध्याय के निवास से सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी सहित लगभग 10 से 12 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उनकी तलाश तेज कर दी गई है। जांच के दौरान आसपास के क्षेत्रों में सघन पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके। इस संबंध में थाने के प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही आसपास के इलाकों में भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।